आकाशवाणी श्री विजयपुरम

07.07.2025 समय : 1850

- ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के घोषणा–पत्र में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की गई।
- आगामी जनगणना के दौरान स्व–गणना के लिए एक समर्पित वेब पोर्टल उपलब्ध कराया जाएगा।
- अंडमान महिला मंडल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई।
- अंडमान निकोबार यातायात पुलिस ने मॉडिफाइड हॉर्न के इस्तेमाल के संबंध में परामर्श जारी किया है।

<><><><><><><>

ब्राजील के रियो डि जिनेरियो में आयोजित सत्रहवें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के घोषणा–पत्र में बाईस अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की गई। ब्रिक्स देशों के नेताओं ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। आतंकवादियों की सीमा पार आवाजाही, इसके वित्त–पोषण और सुरक्षित ठिकानों सहित सभी रूपों तथा अभिव्यक्तियों में आतंकवाद से निपटने के लिए भी अपनी वचनबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद को मानवता के समक्ष सर्वाधिक गंभीर चुनौती बताया है। प्रधान मंत्री ने ब्रिक्स सम्मेलन में कहा कि आतंकवाद के शिकार लोगों और इसे शह देने वालों को एक साथ नहीं रखा जा सकता। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगाने में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए।

<><><><><><><>

आगामी जनगणना के दौरान स्व–गणना के लिए एक समर्पित वेब पोर्टल उपलब्ध होगा। यह पोर्टल जनगणना–दो हजार सत्ताईस के दोनों चरणों के लिए उपलब्ध होगा। सोशल मीडिया पोस्ट में भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त ने कहा कि यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी। डेटा अंग्रेजी, हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में मोबाइल ऐप का उपयोग करके एकत्र किया जाएगा। प्रगणक और पर्यवेक्षक डेटा संग्रह के लिए अपने मोबाइल उपकरणों का उपयोग करेंगे। जनगणना–दो हजार सत्ताईस के लिए राजपत्र अधिसूचना पिछले महीने जारी की गई थी। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अपने राज्य राजपत्र में इसकी अधिसूचना पुनः प्रकाशित करने और जनगणना के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिए कहा गया है। जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में, आवास सूचीकरण और आवास गणना अप्रैल दो हजार छब्बीस से शुरू होगी, जबकि दूसरे चरण में जनगणना की जाएगी।

<><><><><><><>

गणतंत्र दिवस, दो हजार छब्बीस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तारीख इक्कतीस जुलाई दो हजार पच्चीस है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। पद्म पुरस्कार अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों और विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों और सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं। सरकार पद्म पुरस्कारों को "पीपल्स पद्म" बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे नामांकन और सिफारिशें करें। नागरिक स्वयं को भी नामित कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान महिला मंडल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन अंडमान महिला मंडल के सहयोग से माई भारत केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण से हुई, जिसके बाद सभी गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता, शिक्षा और युवा सशक्तिकरण में उनके अमूल्य योगदान को याद करने का एक मंच था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक देवदास पाइक उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने डॉ. मुखर्जी द्वारा युवा विकास, वैज्ञानिक प्रगति और देशभक्ति के मूल्यों पर दिए गए उनके विचारों को लोगों के समक्ष रखा। उन्होंने युवा पीढ़ी को डॉ. मुखर्जी के मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के सपने से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उप निदेशक, ओएसडी सुखरंजन बिस्वास ने राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने में डॉ मुखर्जी की भूमिका और देश की अखंडता को बनाए रखने के उनके योगदान पर विस्तार से लोगों को बताया। महिला मंडल की अध्यक्षा प्रोमिला कुमारी ने डॉ. मुखर्जी की जीवनी और आदर्शों पर अपने विचार रखे। भारतीय जनसंघ के संस्थापक के रूप में उनकी भूमिका के बारे में बताया। महाराष्ट्र मंडल के सचिव अरविंद पाटिल ने अपने संबोधन में डॉ. मुखर्जी की निडर नेता और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक के रूप में प्रशंसा की। इससे पहले, माई भारत के गोपाल चन्द्र बिश्वास ने अतिथियों का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय एकीकरण तथा युवा लामबंदी के बारे में डॉ. मुखर्जी के दृष्टिकोण पर संक्षेप में प्रकाश डाला।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार यातायात पुलिस ने लोगों से प्रेशर हॉर्न, मल्टी–टोन हॉर्न और मॉडिफाइड म्यूजिकल हॉर्न के इस्तेमाल के संबंध में परामर्श जारी किया है। पुलिस ने कहा है कि ऐसे हॉर्न का इस्तेमाल न केवल अवैध है, बल्कि ध्वनि प्रदूषण और सार्वजनिक असुविधा को भी बढ़ाता है। प्रत्येक मोटर वाहन में ऐसे इलेक्ट्रिक हॉर्न या अन्य उपकरण लगे होने चाहिए, जिससे शोर उत्पन्न न हो। प्रेशर हॉर्न और मल्टी–टोन म्यूजिकल हॉर्न का उपयोग नियमों विरूद्ध है। उल्लंघनकर्ता पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने वाहन मालिकों से ध्वनि सीमाओं का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है।

<><><><><><>

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि राष्ट्र सभी के लिए सुलभ, सस्ती और समान स्वास्थ्य सेवा के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए तैयार है। श्री नड्डा ने कहा कि एक लाख सतहत्तर हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से लोगों की स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बढ़ रही है। ई–संजीवनी और टेलीमानस जैसे प्लेटफार्मों के जरिए विशेषज्ञ देखभाल तक समान पहुंच को बढ़ावा मिला है। केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय दैनिक में एक लेख में कहा कि मिशन इंद्रधनुष के अंतर्गत पांच करोड़ छियालीस लाख बच्चों और एक करोड़ बत्तीस लाख गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की मातृ मृत्यु अनुमान अंतर–एजेंसी समूह की रिपोर्ट के अनुसार भारत में मातृ मृत्यु दर में छियासी प्रतिशत की गिरावट देखी गई है, जो अड़तालीस प्रतिशत की वैश्विक औसत की गिरावट से लगभग दोगुनी है। श्री नड्डा ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली ने समान स्वास्थ्य देखभाल की नींव रखी है।

<><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान का कौशल विकास कार्यक्रम एक से छः अगस्त के बीच आयोजित किया जाएगा। छः महीने के इस पाठ्यक्रम में ऑटोमॉटिव रिपेयर लेवल, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों और हाउस वायरिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। आवेदन उन्नीस जुलाई तक ऑटोमोबाइल विभाग में जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही इलेक्ट्रिकल इंस्ट्रक्टर के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अनुभव के सहायक दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र पन्द्रह जुलाई तक मेल के जरिए संस्थान के अकादमिक ब्लॉक में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

युवा लड़कियों को खेलों के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शिक्षा निदेशालय और अंडमान निकोबार शतरंज संघ बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ के तहत बारह और तेरह जुलाई को सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल श्री विजयपुरम के सभागार में स्मार्ट गर्ल्स अंडर–19 शतरंज टूर्नामेंट दो हजार पच्चीस का आयोजन करेगा। एक जनवरी दो हजार छः के बाद जन्म लेने वाली लड़कियां इस टूर्नामेंट के लिए पात्र हैं। एकल टूर्नामेंट प्रारूप में अंडर–7, 9, 11, 13, 15 और 19 में पुरस्कृत किया जाएगा।

**<><><><><><><>**